**कार्यालय अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय,**
उ0 प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं
गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा– 281001.

डा0 सतीश कुमार गर्ग
**अधिष्ठाता**

पत्र संख्याः 1433 / Dean-Registration/19
दिनांकः जुलाई 01 , 2019

## कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के पत्र संख्या 1244 / Dean-Fees/19 दिनांक 21–06–2019 के क्रम में अवगत कराना है कि पशुचिकित्सा विज्ञान संकाय के B. V. Sc. & A. H. (3rd, 4th & 5th Professional) में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं का शिक्षण सत्र 2019–20 के प्रथम सेमेस्टर तथा B. V. Sc. & A. H. (2nd & 3rd Professional) में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं का पंजीकरण दिनांक 18–07–2019 को प्रातः 9:30 बजे संकाय के पन्त हॉल, मादापशुरोग निदान विभाग में होगा।

अतः संबंधित छात्र/छात्रायें व्यक्तिगत रूप से उपरोक्त दिनांक व समय पर उपस्थित होकर अपना Registration कराना सुनिश्चित करें। In-absentia Registration का कोई प्राविधान नहीं है। रूपया 50.00 प्रतिदिन विलम्ब शुल्क के सहित पंजीकरण दिनांक 26–07–2019 तक होगा। इसके उपरान्त किसी भी दशा में पंजीकरण नहीं होगा और यह संबंधित छात्र/छात्रा की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी।

संकाय के विभिन्न छात्रावासों में आवासित सभी छात्र–छात्राओं को पंजीकरण से पूर्व कालेज कैन्टीन तथा छात्रावास मैस के सभी प्रकार के ड्यूज क्लीयर करना अनिवार्य है। यदि किसी भी छात्र के द्वारा मैस अथवा कैन्टीन का बकाया जमा नहीं करवाया जाता है तो उसको आगामी शिक्षण सत्र के प्रथम सेमेस्टर में पंजीकरण की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समस्त शुल्क पंजीकरण के दिनांक ही जमा करवाना अनिवार्य होगा। शुल्क संबंधी विवरण उपरोक्त पत्र में वर्णित है।

(सतीश कुमार गर्ग)
अधिष्ठाता

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. कुलपति के निजी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, दुवासू।
3. वित्त अधिकारी, दुवासू को इस आशय से प्रेषित कि संबंधित कार्यालय सहायक को उपरोक्त दिनांक व समय पर निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर विद्यार्थियों को शुल्क जमा करने हेतु चालान उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, दुवासू।
5. समस्त आचार्य एवं विभागाध्यक्ष/प्रभारी, पशुचिकित्सा संकाय को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त दिनांक व समय पर अपने विभागीय कोर्स शिक्षक को विद्यार्थियों के पंजीकरण हेतु नियत स्थान पर भेजना सुनिश्चित करें।
6. समस्त छात्रावास अधीक्षक/कक्षा प्रभारी, पशुचिकित्सा संकाय, दुवासू।
7. विश्वविद्यालय/पशुचिकित्सा संकाय के नोटिस बोर्ड।
8. प्रभारी, एरिस सैल को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(सतीश कुमार गर्ग)
अधिष्ठाता

ऑर्डर

कार्यालय अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय,
उ0 प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा– 281001.

डा0 सतीश कुमार गर्ग
अधिष्ठाता

पत्र संख्या: 1244 /Dean-Fees/19
दिनांक: जून 21 , 2019

# कार्यालय–आदेश

पशुचिकित्सा संकाय के B. V. Sc. & A. H. पाठ्यक्रम के 1st, 2nd, 3rd एवं 4th Professional की परीक्षाओं में सम्मिलित हुये सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका अपने से संबंधित कक्षा में उत्तीर्ण होने के उपरान्त अग्रिम कक्षा तथा उससे संबंधित प्रथम सेमेस्टर (क्रमशः 5th , 7th एवं 9th Semester) में पंजीकरण दिनांक 18–07–2018 को प्रातः 09:30 बजे पन्त हॉल, गायनाकोलॉजी विभाग में सम्पन्न होगा।

पंजीकरण के समय निर्धारित (वार्षिक एवं सेमेस्टर) शुल्क संबंधित छात्र एवं छात्राओं को अपने प्रवेश वर्ष के अनुसार निम्न प्रकार देय होगा –

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिक्षण सत्र 2017–18, 2018–19 में प्रवेशित छात्र एवं छात्राओं के द्वारा देय शुल्क | Rs. 27750.00 + | Hostel Fee Single Seated Rs. 8200.00<br>Hostel Fee Double Seated Rs. 6200.00 | Student on Payment Seat Rs. 75,000-00 Extra |
| शिक्षण सत्र 2014–15, 2015–16, 2016–17 में प्रवेशित छात्र एवं छात्राओं के द्वारा देय शुल्क | Rs. 14500.00 + | Hostel Fee Single Seated Rs. 4100.00<br>Hostel Fee Double Seated Rs. 3100.00 | Student on Payment Seat Rs. 75,000-00 Extra |
| शिक्षण सत्र 2013–14 में प्रवेशित छात्र एवं छात्राओं के द्वारा देय शुल्क | Rs. 8900.00 + | Hostel Fee Single Seated Rs. 3150.00<br>Hostel Fee Double Seated Rs. 2400.00 | Student on Payment Seat Rs. 40,000-00 Extra |

उपरोक्त के अतिरिक्त संकाय के विभिन्न छात्रावासों में आवासित छात्र एवं छात्राओं के द्वारा उपभोग की गई विद्युत की अतिरिक्त धनराशि भी देय होगी, जिसकी सूचना प्रभारी, विद्युत एवं अनुरक्षण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।

(सतीश कुमार गर्ग)

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलपति के निजी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक / वित्त अधिकारी, दुवासू।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, पशुचिकित्सा संकाय, दुवासू।
4. समस्त आचार्य एवं विभागाध्यक्ष / प्रभारी, पशुचिकित्सा विज्ञान संकाय को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार विभागीय शिक्षक को नामित करते हुये पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।
5. सम्पत्ति अधिकारी / प्रभारी, विद्युत अनुरक्षण विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त छात्र–छात्राओं के द्वारा छात्रावास में प्रयोग की विद्युत की अतिरिक्त धनराशि की सूचना वित्त अधिकारी, दुवासू को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे पंजीकरण के समय धनराशि जमा करवाई जा सके।
6. कालेज रोकड़िया द्वारा वित्त अधिकारी, दुवासू को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त दिनांक व समय पर निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार शुल्क जमा करने हेतु चालान उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
7. समस्त कक्षा प्रभारी, पशुचिकित्सा विज्ञान संकाय।
8. समस्त नोटिस बोर्ड, पशुचिकित्सा विज्ञान संकाय।

9. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित है कि वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(सतीश कुमार गर्ग)

06/07/19
OK

# कार्यालय अधिष्ठाता,पशु चिकित्सा संकाय,

उ0 प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय
एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा– 281001.

डा0 सतीश कुमार गर्ग
**अधिष्ठाता**

**पत्रांक संख्याः** 1432 **/Dean-Fee/19**
**दिनांकः जुलाई 01, 2019**

## कार्यालय–आदेश

प्रभारी, विद्युत अनुरक्षण, कार्यालय सम्पत्ति एवं अनुरक्षण विभाग, दुवासू ने अपने कार्यालय के पत्र संख्या 1177–80/विद्युत–बकाया दिनांक 28–06–2019 के द्वारा अवगत कराया गया है कि पशुचिकित्सा संकाय के विभिन्न छात्रावासों में आवासित छात्र एवं छात्राओं के द्वारा शिक्षण सत्र 2018–19 के छमाही/वार्षिक में उपभोग की गई अतिरिक्त विद्युत की बकाया धनराशि निम्नानुसार जमा करवाई जाये।

| क्रम संख्या | छात्रावास का नाम | बकाया धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | गौतम छात्रावास | 3764.00 प्रति छात्र |
| 2 | गर्ल्स छात्रावास | 2611.00 प्रति छात्रा |
| 3 | एस0 एन0 छात्रावास | 4741.00 प्रति छात्र |
| 4 | दीनदयाल छात्रावास | 2389.00 प्रति छात्र |
| 5 | विवेकानन्द छात्रावास | 6577.00 प्रति छात्र |
| 6 | मालवीय छात्रावास | 987.00 प्रति छात्र |
| 7 | नेहरू छात्रावास | 3607.00 प्रति छात्र |

अतः संकाय के छात्रावास में आवासित सभी संबंधित छात्रों को आदेशित किया जाता है कि वह उपरोक्तानुसार धनराशि का चालान कालेज रोकड़िया से प्राप्त करते हुये दिनांक 18–07–2019 को होने वाले पंजीकरण के साथ जमा कराना सुनिश्चित करें तथा संबंधित चालान अधिष्ठाता कार्यालय में अवश्य नोट करावें।

(सतीश कुमार गर्ग)
अधिष्ठाता

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलपति के निजी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. वित्त अधिकारी, दुवासू
3. प्रभारी, विद्युत अनुरक्षण, कार्यालय सम्पत्ति एवं अनुरक्षण विभाग, दुवासू।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, दुवासू।
5. समस्त छात्रावास अधीक्षक को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश से छात्रावास में आवासित छात्र एवं छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
6. कालेज रोकड़िया को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तुनसार विद्युत बकाया धनराशि विश्वविद्यालय शुल्क के साथ जमा करना सुनिश्चित करें।
7. संबंधित छात्रावासों के नोटिस बोर्ड।
8. University Website-

1/7/19

(सतीश कुमार गर्ग)
अधिष्ठाता